7 korba-pg1_Layout 1 4/7/2025 11:15 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 12.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 8 अप्रैल 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा


4 पंचायत सचिव संघ ने किया प्रदर्शन




**बवासीर का आधुनिक इलाज**

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा

भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा

**गुप्ता हॉस्पिटल**

**डॉ. शुभम् गुप्ता**

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें

**7400009183**


# सहमति नहीं बनने से जिला पंचायत में नहीं हो सका समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

पंचायत चुनाव के बाद जिला और जनपद पंचायतों में स्थायी समितियों का गठन किया जाना है। जिसकी प्रक्रिया राज्य शासन के निर्देश पर 7 अप्रैल तक शुरु हुई है और पहले दिन ही जिला पंचायत में आपसी सहमति नहीं होने के कारण जिला पंचायत की सभी स्थायी समितियों का गठन नहीं हो सका। अब 11 अप्रैल को समितियों के गठन की नई तारीख तय की गई है।

जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चयन के बाद 8 स्थायी समितियों का गठन किया जाना है। अध्यक्ष उपाध्यक्ष के चयन को लगभग 20 दिन बीत चुके हैं इस दौरान सामान्य सभा भी संपन्न हो चुकी है किंतु स्थायी समितियों का गठन नहीं हो सका था। ऐसा संभवतः पहली बार हुआ है जब स्थायी समिति के गठन के पहले ही शिक्षा समिति और सामान्य सभा का गठन कर बैठक भी आयोजित कर ली गई। सोमवार को स्थायी समिति के गठन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह के कक्ष में सभी 12 सदस्य मौजूद थे और समितियों के गठन को लेकर बातचीत चल रही थी। लगभग 2 बजे तक सहमति नहीं बन सकी थी। सात समितियों के गठन को लेकर तैयारियां थी किंतु कुछ सदस्य एक और नहीं समिति बनाने के लिए जोर दे रहे थे। उप संचालक के द्वारा समितियों के संबंध में जो सूची लायी गई थी उसमें वन एवं महिला बाल विकास समिति का जिक्र नहीं होने का हवाला दिया गया जिसकी वजह से समितियों के गठन की प्रक्रिया रोके जाने की जानकारी जिपं अध्यक्ष के द्वारा दी गई। इस बीच जिला भाजपा अध्यक्ष मनोज शर्मा भी मौके पर पहुंचे और गठन की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उसके बाद यह निर्णय लिया गया कि समितियों के गठन को लेकर 11 अप्रैल को पुनः बैठक आयोजित की जाएगी।

## जिपं अध्यक्ष और सभी सदस्य गठन को लेकर हुए थे उपस्थित

**खास बातें**

- 11 अप्रैल को फिर से किया जाएगा समितियों के गठन का प्रयास
- सात समितियों का होना है गठन




### इन समितियों का होगा गठन

जिला पंचायत में जिन समितियों का गठन किया जाना है उनमें कृषि स्थायी समिति, शिक्षा समिति, लोक निर्माण समिति, वन समिति, सहकारिता समिति, पशुधन विकास समिति, महिला बाल विकास व स्वास्थ्य समिति शामिल हैं। इन समितियों के सभापति बनने के लिए सदस्यों में जोर आजमाइश चल रही है। हालांकि सभी समितियों में भाजपा समर्थित निर्वाचित प्रत्याशियों को ही मौका दिया जाएगा।

### करतला जपं में समितियों का हुआ गठन

करतला जनपद पंचायत में प्रशासनिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विभिन्न विभागीय समितियों का गठन किया गया है। इस गठन में विशेष रूप से महिला प्रतिनिधियों को प्रमुख भूमिकाएं सौंपी गई है। जनपद पंचायत की सभापति के रूप में लक्ष्मीन बाई कंवर को नियुक्त किया गया है। इनके अलावा नीता राकेश यादव सभापति व संचार एवं संकर्म समिति, सूरज नंदे सभापति व निर्माण विभाग, रीना सिदार सभापति व कृषि विभाग, श्याम बाई सभापति व महिला एवं बाल विकास विभाग, सुषमा राजवाड़े सभापति व स्वच्छता विभाग, चंदा चतुर कश्यप सभापति व वन विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### प्री बीएड, डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू

**कोरबा।** प्री बीएड एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन शुरू हो गया है। इसके लिए व्यापम द्वारा अभ्यार्थियों से ऑनलाईन आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है। छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्री बीएड एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित की गई है। इसके लिए व्यापम द्वारा अभ्यार्थियों से ऑनलाईन आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है। प्री बीएड एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाईन आवेदन की प्रारंभिक तिथि 28 मार्च से शुरू हो गई है। प्री बीएड एवं प्री डीएलएड में इच्छुक अभ्यार्थी 25 अप्रैल तक शाम 5 बजे तक इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए त्रुटि सुधार की तिथि 26 से 28 अप्रैल शाम 5 बजे तक तय किया गया है। व्यापम द्वारा प्री बीएड एवं प्री डीएलएड प्रवेश परीक्षाओं की संभावित तिथि 22 अप्रैल निर्धारित किया गया है।

### रक्तदान शिविर का आयोजन 10 को

**कोरबा।** महावीर जयंती के उपलक्ष में महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन द्वारा एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का उद्देश्य रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देना और समाज में रक्त की कमी को पूरा करना है। मीशो के अध्यक्ष वीर महावीर जैन ने सभी रक्त दानदाता से विनम्र अपील की है इस शिविर में आकर रक्तदान अवश्य करें। आइए हम सब मिलकर रक्तदान शिविर में भाग लें और समाज सेवा में अपना योगदान दें।

### सुशासन तिहार का आयोजन आज से

**कटघोरा।** नगर पालिका परिषद कटघोरा द्वारा सुशासन तिहार का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यकम का उद्देश्य आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से संवाद स्थापित करना। सुशासन तिहार का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण 8 से 11 अप्रैल आम जनता से आवेदन प्राप्त किये जाएंगें जिसका निराकरण द्वितीय चरण में लगभग 1 माह के भीतर किया जावेगा एवं तिसरे एवं अंतिम चरण 5 से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका परिषद कटघोरा आम जनता से अपील करती है की निर्धारित तिथि को अपने समस्याओं का आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### समूहों से मंगाए गए आवेदन,21 तक जमा करना होगा

**कोरबा।** जिला कोरबा अंतर्गत सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के तहत पूरक पोषण आहार व्यवस्था अंतर्गत रेडी टू ईट एवं फोर्टीफाईड आटा का परियोजना स्तर पर स्थापित यूनिट के माध्यम से निर्माण एवं आपूर्ति हेतु महिला स्व सहायता समूहों के चयन एवं कार्य से पृथक करने की प्रक्रिया का निर्धारण हेतु अभिरूचि का प्रस्ताव इच्छुक सक्षम महिला स्व सहायता समूहों से 21 अप्रैल तक कार्यालयीन समय शाम 5 बजे तक कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कलेक्ट्रेट परिसर कोरबा के पते पर डाक/कोरियर के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे।

## दोस्त के शादी समारोह के बाद दीपका से लौट रहे थे कोरबा

# तेज रफ्तार कार पेड़ से टकराई, दो शिक्षकों की मौत, दो लोग घायल




घटनास्थल पर दुर्घटनाग्रस्त कार।



रोते बिलखते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक निजी स्कूल के शिक्षक अपने दूसरे शिक्षक दोस्त की शादी समारोह में शामिल होने दीपका शक्ति नगर गए हुए थे। जहां देर रात को शादी समारोह में शामिल होने के बाद चारों दोस्त पुनः अपने कार में सवार होकर वापस कोरबा लौट रहे थे कि बीच रास्ते में वे हादसे के शिकार हो गए और इस हादसे में दो शिक्षकों की मौत हो गई है जबकि कार में सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। एक साथ सड़क हादसे में दो शिक्षकों की मौत हो जाने से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है तो वहीं शिक्षा जगत में भी शोक व्याप्त है।

**खास बात**

- कुचैना बाईपास शक्तिनगर के समीप हुआ हादसा



मृतक हिमांशु



मृतक शुभदीप

जानकारी के अनुसार खरमोरा निवासी हिमांशु सिंह 31 वर्ष पिता दिनेश सिंह व एमपी नगर निवासी शुभमदीप सिन्हा पिता अखिलेश प्रसाद सिन्हा, चंद्रभानु सेंट जेवियर स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ थे जबकि सतविंदर सिंह उनका दोस्त है। बताया जाता है कि अभिषेक दास सेंट जेवियर स्कूल में ही पूर्व में शिक्षक के पद पर पदस्थ था जिसकी शादी गेवरा शक्तिनगर में रविवार को आयोजित थी। हिमांशु, शुभम, चंद्रभानु व सतविंदर रविवार की देर शाम कार क्रमांक बीआर 01 जेसी 5623 में सवार होकर शक्तिनगर गए हुए थे जहां दोस्त की शादी में शामिल होकर पुनः कार मे वापस लौट रहे थे। देर रात लगभग 11.30 बजे दीपका थाना क्षेत्र के कुचैना बाईपास शक्ति नगर चढ़ाई वाले हिस्से से कार गुजर रही थी, तभी चालक का स्टेरिंग पर से नियंत्रण अचानक खो दिया और कार अनियंत्रित होकर सडक़ के किनारे पेड़ से जा टकराई। यह टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और कार चला रहे हिमांशु सिंह व ठीक उसके पीछे बैठे शुभम दीप सिन्हा की मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान पीछे के दोनों दरवाजे खुलने के साथ कार पर सवार दो अन्य शिक्षक नीचे आ गिरे। घटना में दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। व्यस्त क्षेत्र से आवाजाही करने वालों को इस बारे में जानकारी हुई जिन्होंने पुलिस को फौरन अवगत कराया। पुलिस और एंबुलेंस की उपस्थिति के बाद पीड़ितों को पास के एसईसीएल अस्पताल जहां पर डॉक्टर ने परीक्षण के बाद शुभम और हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। वहीं चंद्रभानु व सतविंदर का उपचार स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

### दोस्त की शादी में शामिल होने गए थे गेवरा

बताया जाता है कि सेंट जेवियर स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ हिमांशु सिंह, शुभम दीप सिंह, चंद्रभानु और सतविंदर सिंह अपनी कार में सवार होकर सेंट जेवियर स्कूल में पूर्व शिक्षक रहे अभिषेक दास की शादी समारोह में शामिल होने के लिए गेवरा गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान यह हादसा हुआ है। जिसमें दो शिक्षकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। जैसे ही सुबह यह खबर आम हुई कि सेंट जेवियर स्कूल के दो शिक्षकों की सड़क हादसे में मौत हो गई है स्कूल में भी शोक की लहर छा गई और स्कूल प्रबंधन द्वारा स्कूल में छुट्टी दे दी गई।

### 4 माह पहले ही हिमांशु की बिहार में हुई थी शादी

बताया जाता है कि खरमोरा निवासी हिमांशु सिंह की शादी 4 दिसंबर 2024 को बिहार निवासी निशु सिंह से हुई था। हिमांशु के पिता दिनेश सिंह पॉलिटेक्नीक कालेज में इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ हैं। हिमांशु दो भाईयों में बड़ा था जबकि छोटा भाई सुधांशु सिंह है। हिमांशु की शादी को महज 4 महीना हो पाया था कि अब उसकी हादसे में मौत हो गई जिससे उसकी पत्नी निशु सिंह का सुहाग उजड़ जाने से उसके व उसके परिजनों को गहरा आघात लगा है। बताया जाता है कि हिमांशु का अंतिम संस्कार को खरमोरा स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। जबकि एमपी नगर निवासी शुभम दीप सिंह की शादी लगभग 1 साल पहले हुई थी। दोनों शिक्षकों की सड़क हादसे में एक साथ मौत हो जाने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हिमांशु सिंह साइकोलॉजी और जियोग्राफी के शिक्षक थे जबकि शुभम दीप सिंह मैथ्स के शिक्षक थे जबकि चंद्रभानु भी मैथ्स के शिक्षक हैं। बताया जाता है कि मृतक हिमांशु सिंह व शुभम दीप सिंह बहुत ही मिलनसार शिक्षक थे दोनों की मौत हो जाने से शिक्षा जगत में शोक छाया हुआ है।

### ओवरस्पीड बनी हादसे की वजह

दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि कुचैना बायपास रोड पर शक्तिनगर के आगे देर रात यह हादसा हुआ है। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस के मुताबिक यह हादसा ओवरस्पीड की वजह से होना बताया जा रहा है क्योंकि मुख्य मार्ग में यह हादसा हुआ है और ओवरस्पीड की वजह से कार चालक का नियंत्रण स्टेरिंग से अचानक खो गया और सीधे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में सवार दो युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्रवाई कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जंगल में ले जाकर पत्नी ने पति की कर दी हत्या, गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी पत्नी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के वनांचल क्षेत्र में रहने वाले पति पत्नी के बीच अक्सर वाद विवाद की स्थिति बनती थी। पति अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी होती थी। चार दिन पहले ही दोनों के बीच विवाद हुआ था जिसके बाद पत्नी ने अपने पति की हत्या कर दी थी और उसकी लाश को जंगल में छोड़ दिया था। हत्या का खुलासा होने पर पुलिस ने मामले वैधानिक कार्रवाई कर उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

**खास बात**

- पत्नी के चरित्र को लेकर पति करता था संदेह, अक्सर इसी बात को लेकर होता था विवाद

मामला जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र लेमरु थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कुटुरवा की ह। यहां निवासरत जयप्रकाश तिर्की 45 वर्ष पिता मोहना तिर्की की 2 अप्रैल को उसके घर से लगभग 200 मीटर दूर जंगल में संदिग्ध अवस्था में लाश मिली थी। लाश मिलने की सूचना पर लेमरु थाना प्रभारी भीमसेन यादव दल बल सहित मौके पर पहुंचे थे और मामले में वैधानिक कार्रवाई कर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच की जा रही थी। इस दौरान जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि जयप्रकाश तिर्की अपनी 40 वर्ष की पत्नी अमाशु तिर्की के चरित्र पर संदेह करता था और दोनों के बीच अक्सर इसी बात को लेकर वाद विवाद हुआ करता था। 2 अप्रैल को पुनः इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था और दोनों घर से जाने की बात करते हुए दोनों एक साथ घर से निकल गए थे। जिसके बाद घर से 200 मीटर दूर जाकर जंगल में अमाशु तिर्की ने अपने पति जयप्रकाश तिर्की को धक्का देकर गिरा दिया था जिससे उसके सिर पर पत्थर से चोट लगी थी और इसके बाद अमाशु तिर्की ने जयप्रकाश पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने अमाशु तिर्की के खिलाफ हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार करने न्यायिक रिमांड में जेल भेज दिया है।

# युवक के कब्जे से 2 किलो गांजा जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोतवाली पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर राताखार बाईपास मार्ग में दबिश दी जहां रवि वर्मा पिता दिलचंद के कब्जे से 2 किलो 50 ग्राम गांजा की खेप जप्त की है। बताया जाता है कि उसके द्वारा क्षेत्र में अवैध रुप से गांजा की बिक्री की जा रही थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

## पंचायत प्रतिनिधियों, ग्रामीणों के साथ एसईसीएल प्रबंधन की हुई बैठक

# ग्रामीणों ने कहा- सभी मांगें पूरी होने के बाद ही हो सर्वे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत व गांव वालों की मांग पर एसईसीएल दीपका प्रबंधन ने बैठक आयोजित किया। बैठक में ग्राम पंचायत व ग्रामवासियों ने लिखित में मांग रखी कि जिसमें एसईसीएल दीपका प्रबंधन के राजस्व अधिकारी मिथेश मधुप को हरदीबाजार सर्वे टीम में न रखा जाए, कलिंगा कम्पनी के मुंशी विकास दुबे को खनन कार्य के लिए हरदीबाजार में प्रवेश न दिया जाए और कहा कि इन सभी मांगों को पूरा किया जाता है तो ही हरदीबाजार की नापी सर्वे का काम होगा।

**खास बातें**

- विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि ग्राम हरदीबाजार को सर्वसुविधायुक्त दी जाए बसाहट
- पूर्व विधायक ने कहा कि मांग पूरी नहीं तो एसईसीएल बंद करे हैवी ब्लास्टिंग





बैठक को संबोधित करते विधायक प्रेमचंद पटेल एवं उपस्थित एसईसीएल के अधिकारी व ग्रामीण।

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने कहा कि ग्राम हरदीबाजार विलोपन न हो उसे बसाहट देकर ग्रामवासियों की भावना का ध्यान रख खदान विस्तार करें, उनके मूल अधिकारों का हनन न हो और जैसा गांव वालों की मांग है मैं उनके साथ खड़ा हूं। नये पुराने मकान सभी को एक समान नापी व मुआवजा दी जाए। बैठक में उपस्थित पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने कहा कि अभी एसईसीएल ने किसी भी बसाहट गांव को पूर्ण रूप से विकसित नहीं किया सभी बसहाट की दुर्दशा बनी हुई है, एसईसीएल के अधिकारियों को उन बसाहट में जाकर देखने तक की फूर्सत नहीं है, जब-तक हरदीबाजार को पूरी बसाहट नहीं मिल जाती ग्रामपंचायत व ग्रामवासियों की मांग पूरी नहीं होती, एक इंच जमीन हरदीबाजार को नहीं दी जाएगी।

सरपंच लोकेश्वर कंवर ने बताया कि 25 मार्च को एसईसीएल दीपका प्रबंधन से प्रभावित ग्राम होने के नाते बहुत सी समस्याओं का निराकरण करने की मांग रखी, जिसपर कुछ ध्यान नहीं दिया गया। इस दौरान बिलासपुर एलएंड आर से पहुंचे अधिकारी व दीपका जीएम संजय मिश्रा ने बिलासपुर मुख्यालय में बैठक कर सभी मांगों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में दीपका प्रबंधन के सभी अधिकारी, हरदीबाजार नायब तहसीलदार श्री गुप्ता, नरेश टंडन व रमेश अहिर उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

**कोरबा।** करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चांपा निवासी रघु सिंह राठिया खेती किसानी का काम करता है। रघुसिंह का भतीजा राहूल राठिया पिता स्वल राजेश कुमार राठिया और कमलेश राठिया के साथ दोनों मोटर सायकल सीजी 12 एएच 7562 में सवार होकर 6 अप्रैल की रात्रि 9 बजे लगभग ग्राम चांपा से मेला देखने अम्बेटिकरा धरमजयगढ के लिये निकले थे उसके साथी राम किशन राठिया, अमर सिंह राठिया लोग पीछे पीछे मोटर सायकल से जा रहे थे, रात्रि लगभग 9.30 बजे, ग्राम कुदमुरा मेन रोड कोसाबाडी के पास पहूंचे थे मोटर सायकल कमलेश राठिया चला रहा था, राहूल राठिया पीछे बैठा था उसी समय सामने कुदमुरा तरफ से आ रही कार क्रमांक सीजी 12 बीडी 3303 का चालक तेजी एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 ए एच 7562 को ठोकर मारकर एक्सडेंट कर दिया, जिससे दोनों मोटर सायकल सहित गिर गये। हादसे में घायल राहुल और कमलेश को डायल 108 की मदद से स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने राहुल को मृत घोषित कर दिया। राहूल के सिर में गंभीर चोंट लगा था खून निकला था तथा उसके साथी कमलेश राठिया के बायें हाथ में गंभीर चोंट लगा है जिसे ईलाज हेतु कोरबा रिफर किये हैं। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर दुर्घटनाकारित कार चालक की खोजबीन शुरु कर दी है।

7 korba-pg2_Layout 1 4/8/2025 12:03 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### सभा की आड़ में मंतातरण, 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** धार्मिक सभा की आड में मंतातरण कराने वाले 6 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया, रविवार को बहतराई निखिल आश्रम के पास अटल आवास निवासी दीपा गोटेल के घर में प्रार्थना सभा चल रहा थी और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। हिंदू संगठन के लोग उसके घर गए, जहां धार्मिक उपदेश दिया जा रहा था। संगठन के लोगों ने आपत्ति करते हुए जमकर हंगामा मचाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंच गई और पास्टर दीपक सिंह, पूजा सिदार, दीपा गोटेल, गुरूविंदर सिंह, शिवकुमार धीवर, मधु कुमार को पकड़कर थाने ले आई। पुलिस ने पंकज पांडे की रिपोर्ट पर धारा 3 के तहत सभी को गिरफ्तार कर लिया है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**बिलासपुर।** एक युवक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसके पास सुसाईड नोट मिला है, जिसमें उसने स्वयं से आत्महत्या करने की बात लिखी है। सिविल लाइन थाना के प्रधान आरक्षक नवीन सोनकर ने बताया, कुदूदण्ड शिव चौक नदी किनारे रहने वाले सन्नी साहू पिता स्व. ओमप्रकाश साहू 17 साल दादा के साथ रहता था। एक रिश्तेदार दादा की दुकान में काम करता था। रविवार को उसके दादा चाचा काम से मुंगेली चले गए थे। वह घर में अकेले था, रात में उसने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार को उसकी फांसी पर लटकी लाश मिली। पुलिस को उसके पास चार लाइन में लिखा सुसाईड नोट मिला है, जिसमें उसने स्वयं से आत्महत्या करने की बात लिखी है। मृतक के मां की उसके पिता ने हत्या कर दी थी और उसके पिता की जेल रहने के दौरान मृत्यु हो गई थी। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### लूट व चोरी करने वाले फरार दो युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** लूट व बाइक चोरी करने के मामले में फरार दो युवकों को पकड़कर चोरी की 3 बाइक जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।



पिछले दिनों रामसेतु पुल के नीचे दो लोगों से मारपीट कर लूटपाट की थी। उक्त मामले में फरार प्रिंस राज उर्फ जानू पिता स्व. प्रमोद सिंह 29 साल तिफरा, डूबर रंधारी पिता कमल साय रंधारी 45 साल ओडिशा निवासी को पकड़ा गया है। उनके पास चोरी की 3 बाइक जब्त की गई है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। पूर्व में उक्त मामले में नाबालिग सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

### तालाब में युवक की लाश मिलने से सनसनी

**बिलासपुर।** तालाब में युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। सकरी टीआई रविन्द्र अनंत ने बताया, नेहरू नगर निवासी हेमरोन हर्मिट उर्फ टिंकू पिता स्व. विल्सन हर्मिट 40 साल शनिवार को अपने मामा के घर अमेरी गए थे। सोमवार की शाम 6 बजे उनकी अमेरी बड़ा तालाब में लाश मिली। सूचना पर पुलिस ने शव तालाब से निकालकर मरच्यूरी में रखवा दिया है। शरीर में किसी प्रकार के चोट के निशान नहीं है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

---

**4 हजार वर्गमीटर में टेलरिंग शेड और पार्किंग बनाई जा रही** | **छठ घाट के पास की खाली जमीन को विकसित किया जा रहा**

# 15 करोड़ में बन रहा अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क दो साल लेट

**बिलासपुर।** गांवों के गोठानों में रूरल इंडस्ट्रियल पार्क की तर्ज पर शहरों में महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जाने हैं। बिलासपुर में इसके लिए छठ घाट के बाजू में एसएलआरएम सेंटर के पास पांच एकड़ जमीन पर इसे बनाया जा रहा है।

- टेलरिंग सेंटर के साथ आजीविका विकास केन्द्र होगा स्थापित



हालांकि दो साल बाद भी काम अधूरा है। निगम, हाउसिंग बोर्ड और ठेकेदार मिलकर कछुआ गति से काम कर रहे हैं। दो साल पहले शुरू हुए इस प्रोजेक्ट और बिल्डिंग का स्ट्रक्चर तैयार हो चुका है। काम पूरा होने में अभी कम से कम 6 महीने का समय और लग सकता है। इसके बाद ही इस इंडस्ट्रियल पार्क में छोटे उद्यमियों को शिफ्ट किया जाएगा और जगह आबंटित होगी। ध्यान रहे कि रायपुर की ठेका कंपनी मेसर्स पिक कंस्ट्रक्शन को यह काम दिया गया है। ज्ञात हो कि कांग्रेस सरकार में प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में कुटीर (कॉटेज) और सेवा (सर्विस) उद्योग का विकास करने के लिए महात्मा गांधी छत्तीसगढ़ अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क खोलने की घोषणा की थी। अधिकारियों के मुताबिक योजना का मुख्य उद्देश्य शहरी गरीब परिवारों के लिए रोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से अतिरिक्त आय के साधन विकसित करना है। इस योजना के तहत स्थानीय परिस्थिति के अनुरूप कच्चे माल के स्त्रोत, सर्विस, उद्योग एवं मार्केटिंग विकसित करते हुए शहरी उद्यमिता को बढ़ावा देना है। योजना अंतर्गत छठ घाट के पास की खाली जमीन को इंडस्ट्रियल पार्क के रूप में विकसित किया जा रहा है।

#### महिलाओं के लिए बन रहा सिलाई सेंटर

योजना के तहत 2 हजार 3 हजार वर्गफीट के छोटे प्लाट काटकर उद्यमियों को दिया जाना है। इसमें कुल कुल 35 प्लाट काटे जाने की तैयारी है। पूरा काम सीईएसआईडीसी की तर्ज पर होगा जैसा कि सिरगिट्टी और तिफरा में उद्योग स्थापित किए गए हैं। पहले चरण में 15 करोड़ रुपए में 750 महिलाओं के लिए सिलाई मशीन सेंटर स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए शेड और दूसरी व्यवस्था हाउसिंग बोर्ड कर रहा है तो सड़क, नाली, पानी का काम निगम के जिम्मे हैं।

#### 4 हजार वर्गमीटर में टेलरिंग शेड और पार्किंग

योजना के तहत 15 करोड़ की राशि में 4 हजार वर्गमीटर में टेलरिंग शेड और पार्किंग बनाई जा रही है। पूरे बजट की व्यवस्था डीएमएफ से की जा रही है। योजना के पहले चरण को सितंबर 2023 तक पूरा करना था लेकिन अभी इसमें 6 महीने और लग सकता है। फिलहाल काम सुस्ती से चल रहा है । कलेक्टर अवनीश शरण ने इस निर्माणाधीन केंद्र का निरीक्षण करते हुए जल्द काम पूरा करने कहा है।

#### बेरोजगारों को रोजगार दिए जाने का दावा

योजना के तहत जिस निकाय में इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किया जाना है, वहां के बाजार की संभावना के आधार पर उद्योग स्थापति किए जाएंगे। इसके लिए शासन के माध्यम से मूलभूत अधोसंरचना, तकनीकी मार्गदर्शन और विक्रय के लिए व्यवस्था भी करनी होगी। योजना के तहत प्रमुख रूप से शहरी आजीविका विकास को केंद्र बिंदु में रखते हुए स्थानीय, शासकीय एवं अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शहरी उत्पादन और सेवा केंद्र के रूप विकसित किया जाएगा। दावा किया जा रहा है कि इंडस्ट्रियल पार्क बनने से शहर के गरीब तबके के बेरोजगारों को रोजगार मिल सकेगा।

---

**मुंगेलीनाका मैदान में एकत्रित हुए जिलाभर के पंचायत सचिव, शासकीयकरण की मांग**

## हड़ताली पंचायत सचिवों ने निकाली रैली, कलेक्टोरेट में की नारेबाजी



कलेक्टोरेट के सामने प्रदर्शन करते ग्राम पंचायत सचिव।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

गारंटी पूरी करने की मांग करते हुए पंचायत सचिवों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। इसके पूर्व जिलेभर के पंचायत सचिवों की भीड़ मुंगेली नाका मैदान में एकत्रित हुई और वहां से रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे। पंचायत सचिवों मोदी की गारंटी में शामिल अपनी शासकीयकरण की मांग कर रहे हैं।

पंचायत सचिवों की हड़ताल लगातार जारी है और अपनी शासकीयकरण की मांग को लेकर हड़ताल पर डटे हुए हैं। उन्होंने अपने चरणबद्ध आंदोलन के तहत आज जिला स्तर पर मुख्यालय बिलासपुर में रैली निकाली। इसके लिए जिलेभर के पंचायत सचिव पहले मुंगेली नाका मैदान में एकत्रित हुए और वहां से रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट मेनगेट के सामने अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और जिला प्रशासन को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। पंचायत सचिवों ने माहभर का कार्यक्रम भी तय कर लिया है। सचिवों का कहना है कि वर्ष 2023-24 के चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने का वादा किया गया था। पंचायत सचिवों को शासकीयकरण करने की गारंटी दी गई है। पंचायत सचिव विगम 30 वर्षों से सेवारत है। प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा शासकीयकरण के लिए कमेटी गठन की घोषणा करते हुए भरोसा दिलाया गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा कमेटी का गठन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा गया है, लेकिन बजट सत्र में पंचायत सचिवों के विषय पर सरकार द्वारा कुछ पहल नहीं किया गया है, इसलिए 17 मार्च से प्रदेश पंचायत सचिव संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर उतर आए हैं।

पंचायत सचिवों ने हड़ताल को आगे जारी रखते हुए माहभर का कार्यक्रम बनाया है। इसके अनुसार 7 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया और 8 अप्रैल को जनपद स्तर पर नगाड़ा बजाकर विरोध किया जाएगा। 9 अप्रैल को जनपद स्तर पर रामायण गान किया जाएगा। 10 अप्रैल को जनपदों में पंडाल लगाकर हड़ताल और महावीर जयंती मनाया जाएगा। 11 अप्रैल को क्रमिक भूख हड़ताल तथा 12 अप्रैल को सरकार को सदबुद्धि देने के लिए हनुमान चालीसा पाठ। इसी तरह 20 अप्रैल को पंचायत सचिव जंतर मंतर मैदान दिल्ली में हड़ताल करेंगे।

## 1300 हितग्राहियों का एक हजार क्विंटल चावल डकार गया सेल्समैन



ग्राम पंचायत मस्तूरी के हितग्राही ने कलेक्टर को ज्ञापन देने पहुंचे।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**

बिलासपुर। ग्राम पंचायत मस्तूरी के करीब 1300 हितग्राहियों को दो महीने से राशन नही मिल रहा है। सेल्समैन करीब एक हजार क्विंटल की गड़बड़ी कर चुका है। राशन लेने पहुंचे रहे लोगों को यह कहकर भगा दिया जा रहा है कि सबको राशन दिया जा चुका है। अपने हिस्से के राशन की मांग करते हुए हितग्राही स्थानीय जन प्रतिनिधियों के अलावा एसडीएम और दूसरे अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कुछ नहीं हुआ।

सोमवार को इन हितग्राहियों ने जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं कलेक्टोरेट का घेराव कर दिया। महिलाएं कलेक्टर से मिलने के लिए अड़ी रहीं। कलेक्टर टीएल में व्यस्त थे तो दूसरे अधिकारी महिलाओं से मिलने से पहुंचे लेकिन महिलाओं ने ज्ञापन देने से मना कर दिया। जनदर्शन शुरू हुआ तो महिलाओं ने कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

ग्राम पंचायत मस्तूरी के हितग्राही भरी दुपहरी में ट्रैक्टर में बैठकर कलेक्टोरेट पहुंचे। इन लोगों ने राशन नहीं मिलने की शिकायत की। इनका कहना था कि फरवरी और मार्च का राशन अभी तक नहीं मिला है। सेल्समैन मनीराम कुर्रे ने छलपूर्वक हितग्राहियों से राशन कार्ड पर अंगूठा ले लिया और बाद में राशन देने की बात कहते हुए अब परेशान कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वे कई दिनों से राशन दुकान के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है राशन वितरण नहीं होने के कारण उन्हें खाद्य सामग्री खरीदने में भी कठिनाई हो रही है।

#### राशन के लिए भटक रहे ग्रामीण

हितग्राही राहीन कैवर्त ने बताया कि पिछले दो महीने का फिंगरप्रिंट ले लिया गया है और चावल वितरण कर देंगे करते हुए दो महीने बीत गया है। अब तक फरवरी और मार्च महीने का राशन वितरण नहीं किया गया। ग्रामीणों के अनुसार करीब एक हजार क्विंटल चावल बाजार में बेचे जाने की जानकारी मिली है। इसकी जानकारी अधिकारियों को भी है लेकिन कुछ नहीं हो रहा है। हितग्राहियों ने कलेक्टर मांग की है कि जल्द से जल्द राशन वितरण शुरू कराया जाए, ताकि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस बारे में खाद्य नियंत्रक अनुराग सिंह भदौरिया का कहना है कि मामले की जांच कर उचित कदम उठाए जाएंगे और जल्द ही राशन वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।

---

**सभापति ने लिखा आयुक्त को पत्र**

## 16 अप्रैल को हो सकती है निगम की सामान्य सभा

**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा करीब 14 महीने बाद 16 अप्रैल को हो सकती है। इसके लिए तैयारी की जा रही है। हालांकि कमिश्नर के रायपुर में होने के कारण इस पर अंतिम मुहर नहीं लग सकी लेकिन इसके लिए तैयारी की जा रही है। सभापति विनोद सोनी ने इसके लिए आयुक्त को पत्र भी भेज दिया है। इसके साथ ही प्रस्ताव भी मंगाए जा रहे हैं। गौरतलब है कि सामान्य सभा हर 2 महीने में होनी है, इस लिहाज से कांग्रेस के पिछले 5 सालों के कार्यकाल में 30 बैठकें होनीं थी, लेकिन यह बैठक सिर्फ 6 बार हो सकी है। अब सामान्य सभा होने के कारण इससे शहर विकास के मुद्दे पर शहर सरकार और विपक्ष के बीच चर्चा हो सकेगी। कई जनहित के मुद्दे जो रुके पड़े हैं उस पर फैसला हो सकेगा। इसके साथ ही एमआईसी में लाए गए प्रस्ताव भी पास हो सकेंगे।

सामान्य सभा की बैठक शहर विकास और वार्डो की समस्याओं पर चर्चा करने के लिए बुलाई जाती है। नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा बनाए गए नियमानुसार सामान्य सभा की बैठक हर दो महीने में एक बार कराना अनिवार्य किया गया है लेकिन बड़ी मुश्किल से पिछले पांच सालों में 6 बैठकें ही हो सकी है। निगम से मिली जानकारी के मुताबिक 2020-21 में कोरोना काल के कारण केवल एक सामान्य सभा आयोजित की गई, वहीं 2022 में दो सामान्य सभा 2023 व 24 में एक एक सामान्य सभा हुई थी।

#### फरवरी 24 में हुई आखिरी बैठक

ज्ञात हो कि 27 फरवरी 2024 को सामान्य सभा की आखिरी बैठक लखीराम आडिटोरियम में हुई थी। उसके बाद से सामान्य सभा कराने पर किसी ने ध्यान नहीं दिया। खास बात है कि फरवरी में हुई बैठक में बजट पर अधिक चर्चा हुई थी। इसे पूरी सामान्य सभा भी नहीं कहा जा सकता। अधिकांश समय तो हंगामे में ही बीत गया था। सामान्य सभा की बैठक नहीं हो पाने के कारण चलते ढेरों प्रस्ताव अटके हुए हैं और विकास कार्य भी नहीं हो पा रहे हैं। ध्यान रहे कि शहर विकास के अधिकांश कार्यों पर मुहर सामान्य सभा की ही लगती है। सामान्य सभा नहीं होने से जनता को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

#### नहीं हुआ अंतिम निर्णय

सामान्य सभा कराने के लिए आयुक्त को पत्र लिखा जा चुका है। जल्द ही बैठक होगी। इसके लिए प्रस्ताव भी मंगाए जा रहे हैं। तिथि पर अंतिम निर्णय अभी नहीं हुआ है।

- **विनोद सोनी**, सभापति

---

## आरक्षक को दौड़ा दौड़ाकर पीटा, वीडियो वायरल

बिलासपुर। सदर बाजार करोना चौक में कट मारने से मना करने पर चार युवकों ने सरेराह गुण्डागर्दी करते हुए बाइक सवार आरक्षक को दौड़ा दौड़ाकर लाठी, राड पीट दिया, सिर में गंभीर चोट आने पर आरक्षक ने भागकर जान बचाई है। गुण्डागर्दी का वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रहा है। पुलिस ने दो हमलावरों को पकड़कर उनका जुलूस निकाला, वहीं दो हमलावर फरार हैं।

- दो आरोपी पकड़े गए, दो फरार

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया कि परसदा निवासी सतीश कुमार लोधी पिता द्वारिका लोधी 37 साल पुलिस विभाग में आरक्षक हैं, वे जिला न्यायायल में पदस्थ हैं। 7 अप्रैल की शाम वे अपने दोस्त के साथ हेलमेट लगाकर बाइक से गोलबाजार की ओर जा रहे थे। करोना चौक के पास बाइक सवार दो युवक तेज रफ्तार में कट मारते हुए निकल रहे थे। आरक्षक ने कट मारने से मना किया तो दोनों युवक बाइक रोककर आ गए और गुण्डागर्दी करते हुए गाली गलौज कर पैसा मांगने लगे। आरक्षक ने पैसा देने से मना किया तो युवकों ने फोन कर अपने अन्य दो साथियों को बुला लिया। दोनों युवक लोहे की राड व लाठी से आरक्षक पर हमला कर दिया। आरक्षक ने किसी तरह उनके चंगुल से भागकर जान बचाई। गुण्डागर्दी, मारपीट से बाजार में हड़कंप मच गया। घायल आरक्षक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आनन फानन में कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और दो हमलावर मनोज वर्मा चांटीडीह, सैफूल हक करोना चौक निवासी को पकड़ लिया। दोनों की बाजार में जुलूस निकालते हुए पैदल थाने लाया गया है। पुलिस ने आरक्षक की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 126, 2, 113, 1, 296, 115, 2, 351, 2,315 के तहत दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।



#### सोशल मीडिया में वीडियो वायरल

सरेराह आरक्षक पर युवकों के द्वारा लाठी, लोहे के राड से ताबड़तोड़ हमला किया जा रहा था। बाजार में लोगों की भीड़ लगी हुई थी, किन्तु कोई भी बीच बचाव करने नहीं आया। उल्टा मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया गया। उसके बाद पुलिस हरकत में आई और दो आरोपियों को पकड़ा गया।

## बैंक का ताला तोड़कर चोरों का धावा रकम नहीं मिलने पर बैरंग लौटे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर**


चोरों ने बैंक में धावा बोलकर दराज आलमारी खंगाल डाला, रकम हाथ नहीं लगने पर बैरंग लौट गए। स्ट्रांग रूम में तक चोरों के नहीं पहुंच पाने बड़ी चोरी की वारदात टल गई। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

- बैंक ऑफ बड़ौदा में 5 अप्रैल को हुई थी वारदात

कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, पं सुंदरलाल विश्व विद्यालय के बाजू में बैंक आफ बड़ौदा का दफ्तर है। 5 अप्रैल की शाम अधिकारी कर्मचारी काम खत्म करने के बाद बैंक बंद कर अपने अपने घर चले गए। इसी दौरान चोरों ने बैंक के शटर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और दराज व आलमारी को खंगाल डाला। रकम हाथ नहीं लौटने पर चोर बैरंग लौट गए। बताया जाता है बैंक के अंदर एक रूम में स्ट्रांग रूम है, जहां देने का पैसा रखा जाता है। चोर स्ट्रांग रूम तक नहीं पहूंच पाए। इससे बड़ी चोरी की वारदात होने से टल गई। छुट्टी समाप्त होने के बाद 7 अप्रैल को बैंक के अधिकारी, कर्मचारी बैंक गए तो शटर का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो दस्तावेज बिखरे पड़े थे और दराज खुला हुआ मिला। स्ट्रांग रूम सुरक्षित मिलने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली। सूचना पर पुलिस ने बैंक पहुंचकर मुआयना किया है। पुलिस शाखा प्रबंधक विवेक राय की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर चोरों के पतासाजी में जुट गई है। बहरहाल पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है।

## 1 करोड़ 75 लाख की ठगी, फरार जमीन दलाल की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**बिलासपुर।** कोर्ट ने फर्जी दस्तावेज से जमीन बेचकर रिटायर्ड सहायक आयुक्त से 1 करोड़ 75 लाख रुपए की ठगी करने के मामले में फरार जमीन दलाल की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी है। इसके पूर्व फरार पटवारी व जेल में बंद एक अन्य जमीन दलाल की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है।



ज्ञात हो कि उसलापुर अल्का एवेन्यू निवासी रिटायर्ड आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त अमरचंद बर्मन को फर्जी दस्तावेज दिखाकर सिंधी कालोनी निवासी राजकुमार उर्फ राजू बजाज, नेहरू नगर गीताजंली विहार निवासी विकास मांझी पिता चंडीचरण मांझी, राजेश पाण्डेय ने पटवारी सुरेश सिंह ठाकुर से सांठगांठ कर रिंग रोड टू में खसरा नम्बर 448 / 11 ग व खसरा नम्बर 448 / 37 के फर्जी दस्तावेज दिखाकर 1 करोड़ 75 लाख रुपए की ठगी कर ली गई थी। फरार जमीन दलाल राजकुमार उर्फ राजू बजाज पिता स्व. राजल दास बजाज 56 साल ने अधिवक्ता के माध्यम से अग्रिम जमानत अर्जी लगाई। कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दिया है। इसके पूर्व फरार पटवारी सुरेश सिंह ठाकुर व जेल में बंद जमीन दलाल विकास मांझी की दो बार जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है।

## सूरत स्टेशन पर विकास कार्य के चलते ट्रेनों का परिचालन होगा प्रभावित

**बिलासपुर।** पश्चिम रेल मुंबई मंडल के सूरत स्टेशन पर विकास कार्य के कारण ट्रेनों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और रवाना होने वाली सूरत स्टेशन के स्थान पर उधना स्टेशन पर रोकने के साथ वहीं से वापस रवाना की जाएगी। पश्चिम रेलवे मुंबई मंडल के सूरत स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत विकास कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के दौरान कुछ ट्रेनों का स्टापेज, प्रारंभ और समाप्ति स्टेशन में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। इसके अंतर्गत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली ट्रेनों का स्टेशन व प्रारंभ, समाप्ति अब सूरत स्टेशन के स्थान पर उधना स्टेशन पर किया जाएगा। इन ट्रेनों में 3 अप्रैल से आगामी आदेश तक अहमदाबाद से चलने वाली 12833 अहमदाबाद-हावड़ा एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन पर ठहरेगी। इस गाड़ी का उधना स्टेशन पर आगमन 4.35 पर होगा और ट्रेन 4.40 बजे रवाना कर दी जाएगी। इसी तरह 3 अप्रैल से आगामी आदेश तक 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन 21.25 बजे पहुंचकर 21.35 बजे रवाना होगी। 6 अप्रैल से आगामी आदेश तक 22905 ओखा-शालीमार एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन में 21.25 बजे से 21.30 बजे तक, 4 अप्रैल से आगामी आदेश तक 12949 पोरबंदर-संतरागाछी एक्सप्रेस सूरत स्टेशन के स्थान पर उधना स्टेशन में 21.25 से 21.30 बजे तक, 4 अप्रैल से आगामी आदेश तक 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन में 1.50 से 1.55 बजे तक, 8 अप्रैल से आगामी आदेश तक 22906 शालीमार-ओखा एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन में 1.50 बजे से 1.55 बजे तक, 6 अप्रैल से आगामी आदेश तक सांतरागाछी से चलने वाली 12950 सांतरागाछी-पोरबंदर एक्सप्रेस सूरत के स्थान पर उधना स्टेशन में 3.30 बजे से 3.35 बजे तक और 3 अप्रैल से आगामी आदेश तक हावड़ा से चलने वाली 12834 हावड़ा-अहमदाबाद एक्सप्रेस सूरत स्टेशन के स्थान पर उधना स्टेशन में 7.39 बजे से 7.45 बजे तक रोकी जाएगी।

## प्रदेश में बिलासपुर रहा सबसे गर्म

**बिलासपुर।** गर्मी से लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। मौसम विभाग द्वारा गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया गया है, इस दौरान अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री दर्ज किया गया है। तापमान को देखते हुए घर से बाहर निकलने से पहले लोगों को सोचने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अगले 2 से 3 दिनों में तापमान के बढ़ने के आसार है। जिले सहित प्रदेश में तेज गर्मी पड़ने लगी है। इस दौरान ड्राई हवा चल रही है, जिससे लोगों को झुलसना पड़ रहा है। दिन में 12 बजे के बाद धूप चूभने लगी है। प्रदेश में सबसे गर्म बिलासपुर जिला रहा है, जहां तापमान 41.4 डिग्री दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि जल्द ही पारा 44 डिग्री पर पहुंच सकता है। वहीं इस दौरान द्रोणिका रेखा बिहार और आसपास के क्षेत्र में फैला हुआ है, इसके चलते प्रदेश के दक्षिण क्षेत्रों में आंधी और गरज चमक की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन उत्तर क्षेत्रों में राहत मिलना मुश्किल है। गर्मी के तेवर को देखते हुए मौसम विभाग सर्तकता बरतने की सलाह दे रहा है।

## फर्जी दस्तावेज बनाकर दो लोगों को बेच दी जमीन, दलाल पर जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** देवरीखुर्द स्थित एक जमीन पर मालिक द्वारा नामांतरण नहीं कराने का फायदा उठाकर दलाल ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसे दूसरों को बेच दिया। मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में की गई, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी दलाल के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित सौखीलाल भार्गव, निवासी जरहाभाठा ने पुलिस को बताया कि उन्होंने वर्ष 2008 में माया देवी पति लक्ष्मी शंकर सिंह से देवरीखुर्द में 2400 वर्गफुट जमीन खरीदी थी। किन्हीं कारणों से वे नामांतरण नहीं करा पाए। इसी दौरान कोरोना काल में दलाल बजरंग प्रसाद की नजर इस जमीन पर पड़ी। आरोप है कि दलाल ने ऑनलाइन रिकॉर्ड में तकनीकी गड़बड़ी का फायदा उठाकर माया देवी के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनवाया और किसी अन्य महिला को माया देवी बनाकर पंजीयन कार्यालय में पेश किया। इसके बाद फर्जी मुख्तियारनामा और ऋण पुस्तिका तैयार कर 13 फरवरी 2020 को उक्त जमीन को सुषमा गुप्ता और अरविंद कुमार गुप्ता के नाम रजिस्ट्री कर दी गई। साथ ही दलाल ने खरीदारों को जमीन का कब्जा भी दिला दिया। सौखीलाल का कहना है कि असली माया देवी अब भी जीवित हैं और उनका आधार नंबर भी अलग है। उनके नाम पर सिर्फ वही एक जमीन थी, जिसे उन्होंने ही खरीदा था। सिविल लाइन पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अपराध दर्ज कर लिया है और दलाल की तलाश की जा रही है।

## आरपीएफ चौकी को मिला थाने का दर्जा

**बिलासपुर।** एसईसीआर के अधिकारियों ने उसलापुर की आरपीएफ चौकी को थाने का दर्जा देने का नोटिफिकेश जारी कर दिया है। आरपीएफ पोस्ट उसलापुर में थाना प्रभारी निरीक्षक, उपनिरीक्षक के साथ अधिक बल कर्मियों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें स्टेशन प्लेटफार्म ड्यूटी के साथ रात में सीआईसी की ओर जाने वाली ट्रेनों के अनुरक्षण हेतु तैनात किया जाएगा। गाड़ियों के अनुरक्षण से अपराधों की रोकथाम, मामलों की जांच एवं निवारण में तेजी आएगी।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने अवैध कब्जाधारी पर कार्रवाई करने दिया निर्देश



**बिलासपुर।** कलेक्टर अवनीश शरण ने सोमवार को साप्ताहिक जनदर्शन में दूर-दराज से आये लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में मांग और शिकायतों से संबंधित आवेदन मिले। कलेक्टर ने सभी की समस्याओं को इत्मीनान से सुना और निराकरण योग्य आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवेदन भेजते हुए जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में मस्तूरी विकासखंड के ग्राम पंचायत जुहली के ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केन्द्र में होने वाली समस्याओं के संबंध में कलेक्टर को आवेदन दिया। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केन्द्र में बाउन्ड्रीवाल, पानी, साफ-सफाई जैसी समस्याओं की जानकारी दी। कलेक्टर ने आवेदन स्वास्थ्य विभाग को सौंपते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 58 भक्त कर्मा नगर खमतराई के निवासियों ने वार्ड में सड़क निर्माण एवं मरम्मत कराने कलेक्टर को आवेदन सौंपा। इस मामले को नगर निगम आयुक्त देखेंगे। विकासखण्ड तखतपुर के ग्राम दैजा निवासी मनोज कुमार दुबे ने अपनी जमीन पर अवैध कब्जा करने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि अवैध कब्जा करने से उन्हें अपने खेतों में आने-जाने में परेशानी हो रही है, क्योंकि वहां तक पहुंच मार्ग बंद कर दिया गया है। इस मामले को एसडीएम तखतपुर देखेंगे। विकासखण्ड मस्तूरी के ग्राम पंचायत पाली के ग्रामीणों ने शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण की शिकायत की। जरहाभाठा निवासी झरना गिड़वानी द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने आवेदन दिया गया।

### गर्मी में पक्षियों को दाना-पानी देने बच्चों ने प्लास्टिक की बोतल से बनाया बर्तन




**बिलासपुर।** भीषण गर्मी में चिड़ियों को राहत देने लिंगियाडीह के शासकीय हाईस्कूल के बच्चों ने चिड़ियों को दाना और पानी देने के लिए खराब हो चुके पानी के बोतल से बर्तन बनाने का अनूठा पहल किया है। इको क्लब प्रभारी व्याख्याता श्रीमती रश्मि गुप्ता ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लगभग हर घर में पानी की बोतल खरीदी जाती है और उपयोग कर उसे फेंक दिया जाता है। उन बोतलों काटकर स्कूल की छात्राएं दामिनी साहू, वंदना साहू ,गंगा यादव एवं पायल यादव ने चिड़ियों के लिए दाना और पानी रखने की व्यवस्था कर रहे हैं। प्लास्टिक की बोतल हल्के होने के कारण साथ ही इसे आराम से पेड़ पर टांगा जा सकता है। विद्यार्थियों ने यह कला ग्राम वासियों से सीखी हैं। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमति मंजू सिंह ने विद्यार्थियों के इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें प्रतिदिन ऐसे पुनीत कार्य करते रहना चाहिए। इस आयोजन में व्याख्याता श्रीमती एचके मिंज, प्रतिभा श्रीवास्तव, प्रीति बावरे , ज्योति दुबे, आशीष लहरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर की जांच रिपोर्ट पेश, कहा गया- महिला को पहले से थी बीमारी

**बिलासपुर।** सिम्स में इंजेक्शन लगाने के बाद गर्भवती महिला के गर्भपात होने के मामले पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लिया है। कोर्ट की नोटिस पर कलेक्टर ने जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की है। इसमें कहा गया है कि इंजेक्शन से गर्भपात नहीं हुआ है और महिला को पहले से ही बीमारी थी। कई कॉम्प्लिकेशन थे। सिम्स के डीन ने भी सुविधा कार्यों पर अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट में पेश की है। इसमें कहा गया है कि अस्पताल के बेहतर संचालन के लिए लगातार प्रयास जारी है। दरअसल, कोटा थाना क्षेत्र के करगीखुर्द निवासी गर्भवती महिला को पेट में दर्द होने की शिकायत पर सिम्स में भर्ती कराया गया था। पेट दर्द का इलाज कराने आई महिला का इंजेक्शन लगाने के बाद पांच माह का गर्भपात हो गया। महिला के पति ने सिम्स में गलत इंजेक्शन लगाए जाने का आरोप लगाया। कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में महिला को दर्द निवारक इंजेक्शन व कुछ दवा देकर सिम्स भेजा गया था। रेफर पर्ची में गंभीर पेट दर्द लिखा गया, इसके बाद उसे सिम्स लाकर भर्ती कराया गया था। सिम्स प्रबंधन ने रक्त स्त्राव होने के कारण गर्भपात होने की बात कही। कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की एक पर्ची भी लगाई गई, जिसमें कोटा में उपचार और रेफरल पर्ची में महिला को दी गई दवा के साथ पेट दर्द व रक्त स्त्राव होने की बात लिखी गई थी। मामले की जांच के लिए सिम्स प्रबंधन ने 4 सदस्यीय टीम गठित की थी। मामले में हाईकोर्ट ने कलेक्टर और सिम्स प्रबंधन से जवाब मांगा था।

### अन्नपूर्णा को मिली अटल विवि से पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** अटल बिहारी विश्वविद्यालय से श्रीमती अन्नपूर्णा यादव को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उनके शोध का विषय छत्तीसगढ़ के संदर्भ में प्राचीन से वर्तमान तक यदुवंश की प्रासंगिकता (एक ऐतिहासिक अध्ययन) है। इन्होंने अपना शोध कार्य शा. माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय में इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. श्रीमती शशि कला सिन्हा के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। वे स्व. शंकर लाल यदु, जो राजनांदगांव में स्पोर्ट्स आफिसर थे तथा स्व. श्रीमती सुशीला देवी यदु की सुपुत्री है। वे डॉ. जयशंकर यादव जो सीवी रमन विश्वविद्यालय में एजुकेशन एवं फिजिकल डिपार्टमेंट के डीन की पत्नी है।

### सायकेयाट्रिक सोशल वर्कर के लिए एमफिल अनिवार्य

**बिलासपुर।** संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाएं बिलासपुर अंतर्गत सायकियेट्रिक सोशल वर्कर पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता मनोरोग सामाजिक कार्य में स्नातकोत्तर उपाधि के एवं मनोरोग में एम फिल उपाधि होना अनिवार्य किया गया है। पूर्व में जारी विज्ञापन में मनोविज्ञान में कम से कम द्वितीय श्रेणी में स्नातकोत्तर उपाधि उत्तीर्ण को भी आवेदन के लिए पात्र होने का उल्लेख किया गया था, जिसे अब निरस्त किया गया है।

## पहले चरण में 8 से 11 अप्रैल तक लिए जाएंगे आवेदन

# सुशासन तिहार: आम नागरिकों की सुनी जाएगी समस्या और किया जाएगा समाधान



बैठक लेते प्रभारी कलेक्टर और उपस्थित प्रशासन के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में सुशासन तिहार के आयोजन का ऐलान किया है। सुशासन तिहार के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों का समाधान करने आवेदन प्राप्त किये जायेंगे। जो शासन की पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेगा।

इस संबंध में प्रभारी कलेक्टर आशुतोष पाण्डेय और जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग ने सभी नोडल और सहायक नोडल अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने शासन के दिशा निर्देशानुसार आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। प्रभारी कलेक्टर ने समाधान पेटी में प्राप्त आवेदन, ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों को संधारण करने और निर्धारित समय तक लोगों से आवेदन प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने सुशासन तिहार का व्यापक प्रचार-प्रसार करने,ग्राम पंचायतों, वार्डो में मुनादी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए शिविर स्थल पर पानी तथा मेडिकल किट की व्यवस्था के निर्देश भी दिए। सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक होगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं के आवेदन प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्राप्त किए जाएंगे। यह आवेदन ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। ऑनलाइन आवेदन की भी व्यवस्था की जाएगी और आवेदनकर्ताओं को पावती दी जाएगी। आवेदन प्राप्त होने के बाद, संबंधित अधिकारियों द्वारा इन्हें एक माह के भीतर निराकृत किया जाएगा। अधिकारियों को समय सीमा के भीतर इनका समाधान सुनिश्चित करना होगा। आवेदन के निराकरण की गुणवत्ता की समीक्षा राज्य और जिला स्तर पर की जाएगी। समाधान शिविरों का आयोजन 5 से 31 मई तक किया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी और जहां संभव होगा, वहीं समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। शिविर में स्थानीय सांसदों, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वे तिहार के प्रत्येक चरण में शामिल होंगे और जनता से सीधे संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री और राज्य के अधिकारी भी विकास कार्यों का औचक निरीक्षण करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजनाओं का क्रियान्वयन सह तरीके से हो रहा है और लोगों को उनका लाभ मिल रहा है।

### एसडीएम बनाए गए ग्रामीण क्षेत्र के नोडल अधिकारी

कलेक्टर अजीत वसंत ने संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए जिला पंचायत सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारियों, तहसीलदारों, राजस्व विभाग, सहित अन्य सभी विभागों के जिला अधिकारियों से कहा है कि सुशासन तिहार के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां शुरू की जाएं ताकि सरकार की मंशानुरूप यह महत्वपूर्ण कार्य हो सकें। इस हेतु सभी ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों के जोन कार्यालयों और वार्डवार में आमजनों से आवेदन लिए जाएंगे। नगरीय क्षेत्रों अन्तर्गत नगर निगम हेतु अपर आयुक्त विनय मिश्रा को नोडल व उपायुक्त पवन वर्मा को सहायक नोडल, नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा हेतु एसडीएम रोहित सिंह को नोडल व सीएमओ सुश्री ज्योत्सना टोप्पो को सहायक नोडल, नगर पालिका परिषद कटघोरा हेतु एसडीएम रोहित सिंह को नोडल व सीएमओ ज्ञानपुंज कुलमित्र को सहायक नोडल, नगर पालिका परिषद दीपका हेतु एसडीएम रोहित सिंह को नोडल व सीएमओ राजेश गुप्ता को सहायक नोडल, नगर पंचायत छुरी कला हेतु एसडीएम रोहित सिंह को नोडल व सीएमओ दीपांकर यादव को सहायक नोडल एवं नगर पंचायत पाली हेतु एसडीएम श्रीमती सीमा पात्रे को नोडल व सीएमओ पूर्णेन्द्र तिवारी को सहायक नोडल बनाया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुशासन तिहार की निगरानी हेतु क्लस्टर तैयार कर अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की गई है।

## प्रभारी कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्या



समस्या सुनते प्रभारी कलेक्टर व सीईओ जिला पंचायत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में प्रभारी कलेक्टर आशुतोष पाण्डेय ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में अपने समस्याओं और शिकायतों के निराकरण के लिए आए लोगो की परेशानियों को गंभीरता से सुना। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर गंभीरता से निराकरण के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में कुल 79 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें सीमांकन, मुआवजा दिलाने, नक्शा दुरुस्ती, मजदूरी भुगतान, आर्थिक सहायता, सहित अन्य आवेदन शामिल है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग सहित आदिवासी विकास विभाग, शिक्षा, श्रम, समाज कल्याण कृषि एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पेंशनर कल्याण संघ की हुई बैठक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा कोरबा की मासिक बैठक 6 अप्रैल को रखी गई। बैठक में संघ के संगठन तथा पेंशनरो की समस्या पर चर्चा की गई, सदस्यों द्वारा 3 प्रतिशत महंगाई राहत भत्ता अभी तक स्वीकृत नहीं होने पर आक्रोश व्यक्त किया गया तथा चुनावी वादे पर अमल करते हुये महंगाई राहत भत्ता शीघ्र जारी करने की मांग की गई। बैठक में अध्यक्ष आर के शर्मा, एस एस तोमर, आर के वर्मा, नन्दराम बाविस्टाले, पी एल चौहान, बसंत कुमार तिवारी, जे पी श्रीवास्तव, आर एस गिरी, अशोक कुमार तिवारी, आदि उपस्थित थे।

## चलती बाइक में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला मंदिर के पास चलती बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक में आग किन कारणों से लगी इसका पता नहीं चल सका है। घटना के दौरान चालक ने वाहन से कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाई। धू धू कर जल रही बाइक पर मौके पर मौजूद लोगों ने किस तरह काबू पाया। बताया जा रहा है कि बाइक सवार सर्वमंगला मंदिर दर्शन के लिए जा रहा था कि इसी दौरान उसकी बाइक मे आग लग गई। स्थानीय दुकानदारों ने बाल्टी से पानी और रेत डालकर आग पर काबू पाया। सूचना मिलने के बाद सर्वमंगला पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को बहाल करवाया।

## सीईओ ने निर्माणाधीन आवासों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने शुक्रवार को जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत बारी उमराव एवं सपलवा में निर्माणाधीन आवासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवास निर्माण कार्य में गति लाई जाए एवं शीघ्रता से कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि हितग्राहियों को शीघ्र आवास उपलब्ध हो सके। सीईओ श्री नाग ने आवास के निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से निश्चित समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक पहुंचे,इसके लिए सतत निगरानी एवं समयबद्ध कार्य सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान सीईओ जनपद पंचायत पाली जिला समन्वयक,नोडल अधिकारी, सरपंच, रोजगार सहायक एवं आवास मित्र उपस्थित रहे।

## केंद्रीय विद्यालय में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र।

केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 3 में बालवाटिका 3 एवं कक्षा-1 के वे बच्चे जो अपनी ज्ञान की एक नई यात्रा प्रारंभ करने जा रहे हैं उनके लिए दिशा निर्देश, प्रवेश उत्सव एवं स्वागत कार्यक्रम मुख्य अतिथि प्राचार्य योगेश गुप्ता एवं संचालन निर्देशक प्रधानाध्यापिका श्रीमती सतगुना नायक एवं वरिष्ठ अध्यापिका आरएस साइमन की उपस्थिति में मनाया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक सिधांशु द्विवेदी के द्वारा किया गया। जिसमें विद्यालय के कक्षा 1 एवं बालवाटिका 3 की शिक्षिकाएं श्रीमती परमजीत कौर, प्रतीक्षा, रीना कुमारी, रश्मि शुक्ला एवं संगीत शिक्षक रोशन राठिया मौजूद रहे। इसी दौरान विद्यालय के प्राचार्य योगेश गुप्ता एवं प्रधानाध्यापिका श्रीमती सतगुना नायक दिशा निर्देश कार्यक्रम को भी मनाते हुए बच्चों को विद्यालय की विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों, क्रियाकलाप, अनुशासन एवं समय के बारे में अवगत कराते हुए बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया एवं अभिभावकों को आश्वासन दिया कि उनके बच्चों का भविष्य उज्जवल होगा एवं केंद्रीय विद्यालय हमेशा पथ प्रदर्शक के रूप में उनके साथ होगा। बच्चे शिक्षित होंगे तो देश उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त होगा।

## पीजी कालेज में चल रहे आदर्श महाविद्यालय को ग्राम बंजारी के भवन में संचालित करने जपं उपाध्यक्ष ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मड़वारानी



करतला जनपद उपाध्क्ष ने ग्राम बंजारी में स्वीकृत आदर्श महाविद्यालय को ग्राम बंजारी में ही संचालित किए जाने की मांग करते हुए जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित किया है। वर्तमान में आदर्श महाविद्यालय पीजी कॉलेज में संचालित हो रहा है। जिसकी सुविधा ग्रामीण अंचल के छात्र छात्राओं को नहीं मिल रहा है। जबकि मॉडल कॉलेज के लिए ग्राम बंजारी का चयन ग्रामीण छात्र छात्राओं के लिए किया गया था।

अपने पत्र में जनपद उपाध्क्ष मनोज झा ने बताया कि केन्द्र परिवर्तित परियोजना रूसा के अंतगर्त कोरबा जिले में नवीन आदर्श महाविद्यालय की घोषणा 2017 में की गई थी। महाविद्यालय के लिये जिला प्रशासन कोरबा एवं राज्य परियोजना कार्यालय रूसा रायपुर द्वारा कोरबा जिले में तहसील बरपाली के ग्राम बंजारी में स्थान का चयन किया गया था। इस महाविद्यालय के निर्माण हेतु रूसा द्वारा महाविद्यालय के मुख्य भवन एवं बालक तथा बालिका छात्रावास हेतु लगभग 10 करोड़ रूपये एवं आवश्यक फर्निचर, उपकरण हेतु लगभग 2 करोड रूपये 2018 में स्वीकश्त किय गये थे । स्वीकृत राशि मे 60 प्रतिषत राषि केन्द्रांश एवं 40 प्रतिशत राशि राज्यांश की है। 2018 मे आनलाईन माध्यम से इस महाविद्यालय का भूमिपूजन किया गया था। 2019 में रूसा द्वारा 6 करोड की राषि कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग जिला कोरबा को प्राप्त हो गई है। शासकीय आदर्श महाविद्यालय की स्थापना कोरबा जिले के अलावा बरपाली तहसील के छात्रों को अध्ययन सुविधा प्रदान करने की गई थी। परंतु यह महाविद्यालय विगत तीन सत्रों से कोरबा के शासकीय इं.वी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भवन में संचालित हैं। चुंकि यह महाविद्यालय कोरबा नगर मे संचालित है इसलिये बरपाली, मड़वारानी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को इसका लाभ नही मिल पा रहा है। वर्तमान मे नवीन आदर्ष महाविद्याल के मुख्य भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है जिसमें अध्यापन कार्य प्रारंभ किया जा सकता है। महाविद्यालय के फर्नीचर / उपकरण हेतु प्रथम किश्त की राशि लगभग 40 लाख रूपये भी महाविद्यालय को प्राप्त हो चुकी है। राज्य शासन द्वारा सितंबर 2024 में नवीन आदर्श महाविद्यालय कोरबा हेतु प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति कर वित्तीय अधीकार भी प्रदान कर दिये गये है। इसी तरह अन्य कार्यालयीन कर्मचारियों की नियुक्ति भी पूर्व में की जा चुकी है। महोदय, प्रशासनिक उदासीनता के कारण यह महाविद्यालय अपने मूल स्थान में सभी सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद विगत तीन वर्षो से 28 किलोमीटर दूर कोरबा में संचालित हो रहा है जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए अपनाएं आयुर्वेद जीवनशैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नवरात्रि के पावन पर्व पर स्वस्थ भारत समृद्ध भारत अभियान के अंतर्गत चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, श्री शिवम मेडिकल बिलासपुर एवं धनवंतरी हर्ब गुजरात के संयुक्त तत्वाधान में श्री शिवम मेडिकल स्टोर मुंगेली नाका बिलासपुर में निःशुल्क रक्त शर्करा जांच, निःशुल्क रक्तचाप जांच तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, साध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु आयोजित निःशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का शुभारंभ पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित छत्तीसगढ़ प्रांत के सुप्रसिद्ध ख्यातिलब्ध चिकित्सक नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा, श्री शिवम मेडिकल स्टोर मुंगेली नाका बिलासपुर के संचालक द्वय शिव कुमार गुप्ता तथा महेश गुप्ता, धनवंतरी हर्ब गुजरात के एरिया सेल्स मैनेजर अश्विनी बुनकर एवं शिविरार्थियों ने आयुर्वेद प्रवर्तक भगवान धनवंतरी के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर एवं उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर पूजन अर्चन कर किया। डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा ने शिविरार्थियों का उपचार करने के साथ साथ उनके लिए उपयोगी लाभकारी दिनचर्या, ऋतुचर्या, पथ्य, अपथ्य एवं आहार विहार के बारे में विस्तार से बताते हुए शिविरार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रदूषित वातावरण एवम आपाधापी भरे जीवन में स्वयं को स्वस्थ रखने के लिये सभी लोगों को अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाये रखना अति आवश्यक है। तथा इसे बढ़ाने के लिये हमें नियमित रूप से प्रतिदिन नियमानुसार योग एवं प्राणायाम का अभ्यास अवश्य करना चाहिये। साथ ही रोगियों को जीवनशैली के विषय मे विस्तार से बताते हुये कहा कि आयुर्वेदिक जीवन शैली को अपनाकर ही हम आजीवन आरोग्य रह सकते है।

## सास-बहू के लिए महतारी वन्दन योजना की राशि है बहुत काम की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम तुमान की रहने वाली सावित्री बाई और श्रीमती हिरन बाई दोनो सास बहू है। इन्हें कुछ माह पहले तक अपनी छोटी-छोटी जरूरतों की पूर्ति के लिए कुछ लोगों से उधार में पैसे मांगने की आवश्यकता पड़ती थी। कई बार बहुत जरूरी काम के लिए उन्हें किसी से पैसा मिल जाता कई बार नहीं मिलता। कई बार इन्हें कुछ रूपए के लिए बहुत लंबा इंतजार भी करना पड़ता था। अब जबकि महतारी वंदन योजना से हर महीने खाते में एक हजार रूपए समय पर मिल जाते हैं तो वनांचल में रहने वाली सास बहू सावित्री बाई और हिरन बाई को किसी के आगे रूपए के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती है। सावित्री बाई ने बताया कि उम्र के साथ ही उन्हें काम करने में परेशानी होती है, वह किसी तरह छोटे-मोटे घरेलू काम कर लेती है। उन्होंने बताया कि विगत माह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का आहरण किया है। इस राशि का उपयोग घर में आवश्यक कार्यों के लिए किया है।


## एक साल बाद भी नहीं हटा स्वास्थ्य शिविर में लगा पूर्व सीएम का होर्डिंग-बैनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा




आयुष्मान भारत के बैनर में लगी पूर्व सरकार के सीएम व डिप्टी सीएम की तस्वीर।

जिले में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही सामने आई है.स्वास्थ्य केंद्र पसान में मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की तस्वीर वाले पुराने होर्डिंग-बैनर लगे मिले। सरकार बदले एक साल से ज्यादा हो गया है स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। विभाग में योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए अलग से कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं। आईईसी कोऑर्डिनेटर भी तैनात हैं। स्वास्थ्य केंद्र पसान में लगे स्वास्थ्य शिविर में पूर्व मुख्यमंत्री की तस्वीर लगी मिली। इन कर्मचारियों का मुख्य काम विभाग की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करना है, फिर भी पुराने बैनर नहीं बदले गए। शिविर में लगे बैनर पर पूर्व मुख्यमंत्री की तस्वीर देखकर लोग चुटकी ले रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि चिकित्सा विभाग के सीएमएचओ और बीएमओ पोड़ी उपरोड़ा डॉ. दीपक सिंह ने शायद स्वास्थ्य केंद्र पसान का निरीक्षण नहीं किया है, अगर निरीक्षण होता तो इस लापरवाही पर कार्रवाई होती।



7 korba-pg4_Layout 1 4/7/2025 11:16 PM Page 1



## खबर संक्षेप



### ईमानदारी के लिए कमल को सम्मानित किया महापौर ने

**कोरबा।** मोर संगवारी योजना में काम करने वाले कमल किशोर नेवले को महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने उनकी ईमानदारी के लिए सम्मानित किया। एसईसीएल सुराकछार बांकीमोगरा में सब रीजनल मैनेजर के पद पर पदस्थ राजकुमार मंडल का पर्स उनकी जेब से कहीं गिर गया था, कमल किशोर को यह पर्स मिला, पर्स के अंदर ना तो पता संबंधी कोई जानकारी थी और ना ही मोबाइल नंबर, ड्राइविंग लाइसेंस था और 10 हजार रुपए थे। कमल किशोर ने ड्राइविंग लाइसेंस के आधार पर उनका पता लगाना चाहा किंतु वर्तमान में उनका एड्रेस चेंज हो चुका था, काफी कोशिश कर उनसे संपर्क किया और पर्स लौटाया। राजकुमार मंडल ने कमल किशोर की इस ईमानदारी के लिए पुरस्कार स्वरूप रुपए देने चाहे किंतु उन्होंने कहा कि यदि मुझे रुपए ही लेने होते तो मैं पर्स ही क्यों लौटाता, महापौर श्रीमती संजू देवी के संज्ञान में जब यह बात आई तो उन्होंने कमल किशोर को बुलाकर सम्मानित किया उनकी ईमानदारी की प्रशंसा की तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस पर महाविद्यालय में आयोजन



**कोरबा।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा सोमवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस का आयोजन मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कौशिल के मार्गदर्शन में किया गया। डॉ ए कौशिल ने बताया कि स्वास्थ्य दिवस का आयोजन 1992 से किया जा रहा है और प्रत्येक वर्ष इसकी एक थीम होती है। इस वर्ष यह स्वस्थ शुरुआत आशा पूर्ण भविष्य पर केनद्रित है। जिसका विषय मात्र एवं नवजात शिशु स्वास्थ है। माताओं और शिशुओं का स्वास्थ स्वस्थ परिवारो और समुदायों की नींव है जो हम सभी के लिए आशाजनक भविष्य सुनिश्चित करने में मदद करता है। युवा वर्ग को इस विषय से अवगत कराने हेतु एवं स्वास्थ्य समाज की स्थापना के लिए युवाओं को इस दिशा में कार्य करने की प्रेरणा देने हेतु यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अगले चरण में कालेज के विद्यार्थियों के द्वारा हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। जिसमें उन्होंने अपने परिवार माता पिता तथा अपने आसपास गर्भावस्था, प्रसव और प्रसवोतर अवधि से संबंधित माताओं और बहनों की देखभाल करने की सकारात्मक सोच के साथ हस्ताक्षर किए। मनोविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने भी इस कार्यक्रम में जानकारियों को साझा किया।

### फरसवानी में मनाया गया हिंदू नववर्ष उत्सव, निकाली शोभा यात्रा



**मड़वारानी।** ग्राम सेवा समिति फरसवानी के तत्वाधान में भव्य हिन्दू नववर्ष एवं श्रीराम नवमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भव्य श्रीराम माता जानकी लक्ष्मण एवं हनुमान जी की झांकी माता के फरसवानी दरबार से आशीर्वाद प्राप्त कर गांव भ्रमण के लिए निकली। भगवा ध्वज लहराते हुए और जय श्रीराम की जय जयकार से शोभा यात्रा प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में प्रभात डीजे आकर्षण का केंद्र बना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ननकीराम कंवर पूर्व गृहमंत्री, ग्राम सरपंच श्रीमती ज्योति प्रहलाद बियार, फ़िरंत राठौर जनपद सदस्य एवं श्रीमती सीमा प्रमोद राठौर उपसरपंच ने पूजा अर्चना कर श्रीराम शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस दौरान श्रीमती सावित्री अजय कंवर, श्रीमती अशोका विश्राम कंवर, सरपंच नरेंद्र बिंझवार, रामनारायण शराफ़, संतोष बियार, अंतराम यादव, रामगोपाल बियार ग्रामीण उपस्थित रहे।

---

### दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के किसानों को मिलेगी धान बेचने की सुविधा

# सहकारिता विभाग के प्रस्ताव को मिली स्वीकृति, 19 नई समितियों का होगा गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में अब 60 सहकारी समिति होंगी और 24 उपार्जन केंद्र, सहकारिता विभाग के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को राज्य शासन ने हरी झंडी दे दी है। विभाग के द्वारा 19 नई सहकारी समिति बनाए जाने का प्रस्ताव भेजा था। स्वीकृति पश्चात अब जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक सहकारिता विभाग के कार्यक्रम चलाए जा सकेंगे। 712 ग्रामों के बीच 84 केंद्रों से धान खरीदी होगी।

**खास बात**

- 712 ग्रामों के लिए अब होंगी 60 सहकारी समितियां और 24 उपार्जन केन्द्र

दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में निवासरत किसानों को 20 किमी से अधिक धान बेचने के लिए सफर न करना पड़े इसके लिए सहकारिता विभाग लगातार प्रस्ताव भेजकर समितियों की संख्या बढ़ाते रहा है। विभाग के द्वारा जनवरी माह में जिले में 19 नई सहकारी समिति बनाए जाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा था इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के पश्चात अब विभाग के अधीन कुल 60 सहकारी समितियां होंगी और 24 धान उपार्जन केंद्र होंगे। इस तरह कुल 84 केंद्रों से धान खरीदी की जाएगी। इससे लंबा सफर करने वाले किसानों को अब सहूलियत मिलेगी। बीते वर्ष तक 41 सहकारी समितियों से ही धान खरीदी होती थी और 24 उपार्जन केंद्र बनाए गए थे उसके बावजूद पाली और पोड़ी उपरोड़ा बड़े विकासखंड होने के बाद भी यहां समितियों की संख्या नहीं बढ़ सकी थी। इसके लिए राज्य शासन से सहकारी समितियों की संख्या बढ़ाने सहकारिता विभाग से प्रस्ताव मांगे गए थे। विभाग ने मैदानी क्षेत्र का सर्वे कर 19 नई समिति बनाने का प्रस्ताव भेजा था जिसे स्वीकृति दे दी गई है।



फाइल फोटो

**ली जाएगी दावा आपत्ति**

19 नई सहकारी समिति बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया था, जिस पर स्वीकृति मिली है। इन समितियों के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों से दावा आपत्ति ली जाएगी। उसके बाद गठन की प्रक्रिया शुरु की जाएगी।

-पूर्णिमा सिंह, डिप्टी रजिस्टार सहकारिता विभाग

**इन ग्रामों में बनेगी समितियां**

कुदुरमाल, तौलीपाली, रंजना, अमलीडीह, तानाखार, नवापारा, परला, बकसाही, परसदा, डोडकी, बोईदा, उड़ता, धौलपुर, केरवाद्वारी, मदवानी, खुंटाकुड़ा, छातापाट, पुरैना, कर्रापाली शामिल हैं। जिनके नाम से नई सहकारी समिति बनेंगी। इन समितियों के माध्यम से अब ग्राम पंचायत स्तर पर कृषि ऋण बीज खाद का वितरण उपभोक्ता भंडार, माइक्रो एटीएम, राशन वितरण तथा कृषि विपणन जैसे सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

**पूर्व में थी 27 सहकारी समितियां**

धान खरीदी की शुरुआत के समय जिले में 27 समितियां ही कार्यरत थी जिनके माध्यम से धान खरीदी की प्रक्रिया संपन्न कराई जाती थी। वर्ष 2019 में 14 नई समितियों का गठन किया गया था। इससे कुल समितियों की संख्या 41 होने के बाद नए उपार्जन केंद्र बनाए जाने का सर्वे किया गया था। पांच साल बाद राज्य शासन के निर्देश पर 19 नई सहकारी समिति बनाई गई है।

---

# अलग- अलग दो स्थानों में चोरों ने बोला धावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के दो अलग अलग थाना क्षेत्रों में दो सूने मकानों में चोरी की घटना सामने आयी है। जहां मकान मालिकों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**खास बातें**

- चोरी के दोनों ही मामले में संबंधित थाने में मामला दर्ज
- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरपाली निवासी एक शिक्षक तो दूसरी घटना दीपका थाना क्षेत्र के एसईसीएल कालोनी की है

पहली घटना उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरपाली में घटित हुई है। यहां निवासरत शिक्षक सुनील कुर्रे अपने परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने सक्ती गए हुए थे जबकि उनके पिता रात में घर पर सोते थे और सुबह दूसरे घर में चले गए थे। चोरों ने दोपहर के समय सूनेपन का फायदा उठाकर घर में घुसकर अलमारी का ताला तोड़ दिया। चोरी गए सामानों में सोने-चांदी के जेवरात और नगदी सहित लाखों का माल पार कर दिया है। शाम को पिता जब घर लौटे, तब चोरी की बात पता चली। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई। अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध कायम कर पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है। चोरी की दूसरी घटना दीपका थाना क्षेत्र में घटित हुई है। यहां ग्रेटर अपरेटर के पद पर पदस्थ अशोक कुमार 4 अप्रैल की सुबह 7:30 बजे अपने घर भांजा की शादी कार्यक्रम मे शमिल होने खरसिया गया था। अशोक कुमार की पत्नी 3 दिन पहले गयी थी। 6 अप्रैल की सुबह 6 बजे अशोक के पड़ोस में रहने वाले राम बाबू ने फोन कर बताया कि उसके घर के पीछे का दरवाजा खुला है और सामने का सटर उठा हुआ है।

सूचना पाकर अशोक कुमार ने घर आकर देखा अज्ञात चोरों ने घर के अंदर घुसकर अलमारी एवं सोकेश मे रखे सोने की हार 1 नग कान का सेट, कान का झुमका, सोने का मांग टीका 1 नग, सोने का मंगल सूत्र 1 नग, सोने का मंगल सूत्र का लाकेट 2 नग, सोने की अंगुठी 2 नग, चांदी का बाजूबंद 2 नग, चाबी छल्ला 2 नग, हाफ करधन 1 नग, हाथ पोछ 1 नग सहित लाखों का माल पार दिया है। अशोक कुमार की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर खोजबीन शुरु कर दी है।

---

# दस दिन और चलेगा बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन



फाइल फोटो

**खास बातें**

- पहले चरण की कांपियों का मूल्यांकन हुआ पूरा
- 17 अप्रैल तक मूल्यांकन कार्य को करना होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य के लिए महज 10 दिन शेष बचे हैं। 17 अप्रैल तक कॉपियों का मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने के निर्देश माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा निर्देश जारी किए गए हैं। अब तक जिले के दो केंद्रों में पहले चरण की डेढ़ लाख से अधिक कापियों का मूल्यांकन पूरा किया जा चुका है। द्वितीय चरण के लिए दोनों मूल्यांकन केंद्रों में माशिमं के द्वारा कॉपियां भेजी गई है।

दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के कॉपियों के मूल्यांकन कार्य जिले में 25 मार्च से शुरु हुआ है। साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के साथ एनसीडीसी हायर सेकेंडरी स्कूल को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया था। दोनों केंद्रों में 1 लाख 80 हजार कापियां पहले चरण के तहत मूल्यांकन के लिए भेजी गई थी। 5 अप्रैल तक पहले चरण की मूल्यांकन का कार्य पूर्ण करना था। दोनों की केंद्रों में पहले चरण के मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही दूसरे चरण के मूल्यांकन हेतु कॉपी भेजी गई है जिनका मूल्यांकन कार्य सुचारु रुप से चल रहा है। द्वितीय चरण के तहत एनसीडीसी स्कूल में 11 हजार 750 कॉपी भेजी गई हैं। वहीं साडा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में मूल्यांकन के लिए 15 हजार कॉपियां भेजी गई है। दोनों चरणों को मिलाकर 2 लाख 11 हजार कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। 17 अप्रैल तक दोनों केंद्रों में मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। साडा कन्या मूल्यांकन केंद्र में दोनों चरणों के लिए 94 हजार कॉपियां भेजी गई हैं, जबकि एनसीडीसी स्कूल में 67 हजार कॉपियां मूल्यांकन हेतु भेजी गई है। दोनों ही केंद्रों में 3 सौ से अधिक व्याख्याताओं के द्वारा मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है।

---

# प्रभार मांगने सरपंच पहुंचे कलेक्टोरेट, मांगों के लिए पंचायत सचिवों ने निकाली रैली


ज्ञापन सौंपने पहुंचे नवनिर्वाचित सरपंच।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तरफ सरपंच प्रभार मांगने पहुंचे थे दूसरी तरफ पंचायत सचिव अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे थे। बीते एक पखवाड़े से अधिक समय से चल रही पंचायत सचिवों के हड़ताल के कारण नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार नहीं मिल रहा है। सोमवार को पाली और कोरबा जनपद के सैंकड़ों सरपंच प्रभार के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे थे तो वहीं दूसरी ओर पंचायत सचिवों ने भी अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय में रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा।

**खास बात**

- सचिवों के हड़ताल से सरपंचों को नहीं मिल रहा प्रभार

पंचायत सचिवों की हड़ताल और पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार नहीं मिलने का मामला अब जिला मुख्यालय तक पहुंचने लगा है। एक तरफ पंचायत सचिव अपनी मांगों को लेकर अडिग हैं तो वहीं दूसरी ओर नवनिर्वाचित सरपंच बीते एक माह से उनका प्रभार नहीं मिल सका है और वह बिना प्रभार के केवल नाम के सरपंच बने हैं। पंचायत सचिव के हड़ताल के कारण पीएम आवास जैसी केंद्रीय योजना प्रभावित हो रही है वहीं पुराने सरपंच नए सरपंचों को बिना सचिवों की उपस्थिति किसी भी सूरत में प्रभार देने को तैयार नहीं है। सोमवार को कलेक्ट्रेट में इसी तरह की स्थिति नजर आई। नवनिर्वाचित सरपंच अपने प्रभार के लिए जिला प्रशासन के पास पहुंचे थे। पंचायत सचिव अपनी मांगों के समर्थन में ज्ञापन देने पहुंचे थे।

**पंचायत सचिव संघ ने किया प्रदर्शन**

पंचायत सचिव संघ द्वारा जिला मुख्यालय में पदयात्रा निकालते हुए कलेक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इस दौरान शासकीयकरण हमारा अधिकार है, मोदी की गारंटी पूरी करो जैसे नारों के साथ सचिवों ने अपनी एकजुटता दिखाई। प्रदर्शन के उपरांत सचिवों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। सचिव संघ अध्यक्ष जयपाल सिंह कंवर का कहना है कि कई सचिव पिछले 30 वर्षों से पंचायतों में सेवाएँ दे रहे हैं और अब समय आ गया है कि उन्हें उनका हक मिले। प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल की उपस्थिति में पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। सचिवों ने केंद्र सरकार से मोदी की गारंटी को यथाशीघ्र पूर्ण करने का अनुरोध किया है।



---

# नेशनल लोक अदालत में प्राथमिकता से निपटेंगे 10 वर्ष से लंबित प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। इस क्रम में 10 मई को जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली तथा समस्त राजस्व न्यायालयों में आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में समस्त राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, बैंक के प्रकरण, लिखत पराक्राम्य अधिनियम की धारा 138, वसूली के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण एवं अन्य व्यवहार वाद के प्रकरण रखे जायेंगे।



श्री सत्येन्द्र कुमार साहू प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0) के द्वारा नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों जिसमें 5 से 10 वर्ष से अधिक वाले प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर समझौता हेतु रखे जाने एवं अधिक से अधिक प्रकरण रखे जाने तथा निराकरण किये जाने के प्रयोजनार्थ न्यायिक अधिकारियों की बैठक सोमवार को न्यायालय भवन के विडियो कान्फ्रेसिंग कक्ष में ली गई। इस बैठक में श्री जयदीप गर्ग विशेष न्यायाधीश (एस.सी./एस.टी.) पीए एक्ट कोरबा, श्रीमति गरिमा शर्मा, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, डा. ममता भोजवानी, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी. (पाक्सो) कोरबा, श्री सुनील कुमार नन्दे तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, सुश्री सीमा प्रताप चंद्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.सी. कोरबा, श्री शीलू सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

---

# जसगीत व मांदर की थाप पर ज्योत जवारा का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत बोईदा में ज्योत जवारा का विसर्जन किया। बैगा के द्वारा पूजा- अर्चना किया गया। मांदर की थाप और जसगीत गाते हुए जवारा निकाला गया। रास्ते में महिलाएं और पुरुष जवारा के सामने लेटकर आशीर्वाद मांगा। माताचौरा से होते हुए पूरे ग्राम का भ्रमण करते हुए तालाब पहुंचा। इस दौरान शोभायात्रा में नाचते, गाते-झूमते भक्त नजर आये। लोगों का मानना है कि ऐसा करने से इच्छाएं पूरी होती हैं।


जवारा विसर्जन करने जाती महिलाएं।

# रामपुर में रामनवमी में निकली भव्य शोभयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा

करतला विकासखण्ड के ग्राम रामपुर के सरस्वती शिशुमन्दिर से श्रीराम लक्ष्मण मां जानकी, हनुमानजी के झांकी का जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सावित्री अजय कंवर, सरपंच श्रीमती सुलोचना, विजय कंवर, पूर्व सरपंच विनय सिंह राठिया उप सरपंच राजेश अग्रवाल, पूर्व उपसरपंच अटलबिहारी दीक्षित ईश्वर श्रीवास, संयोजक सरस्वती शिशुमन्दिर द्वारा विधि वत पूजा कर शोभायात्रा का शुभारंभ किया। श्रद्धालुओं को दर्शन कराने झांकी को गांव भ्रमण कराया गया। शोभायात्रा को छत्तीसगढ़ के छत्तीस देवियों की मनमोहक झांकी, महाकाल शिव के झांकी एवं राम, लक्षमण, माता सीता हनुमान झांकी में पुष्पवर्षा किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह ठंडे पानी चाय प्रसाद वितरण कर रहे थे। डीजे की धूम में सभी महिला पुरुष, बच्चे झूमकर खुशी मनाते हुए नृत्य संगीत की आनन्द ले रहे थे। लगातार 25 वर्षों से यह उत्सव मनाया जा रहा है।


शोभायात्रा में मां काली और भगवान शंकर की निकली झांकी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411